# गुड़ उत्पादन ठप होने से भाव में तेजी के आसार

बिजनेस भास्कर ▸ **नई दिल्ली...**

प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में बारिश होने से नए गुड़ का उत्पादन बंद हो गया है, जिसकी वजह से कीमतों में तेजी की आने की संभावना है। मुजफ्फरनगर मंडी में मंगलवार को गुड़ की दैनिक आवक घटकर केवल 1,000 कट्टों (एक कट्टा-40 किलो) की ही हुई।

फेडरेशन ऑफ गुड़ ट्रेडर्स के अध्यक्ष अरुण खंडेलवाल ने बताया कि उत्पादक क्षेत्रों में बारिश होने से नए गुड़ का उत्पादन बंद हो गया है जिसका असर इसकी दैनिक आवकों पर पड़ा है। मंगलवार को मुजफ्फरनगर मंडी में केवल 1,000 कट्टों की ही आवक हुई जबकि सामान्यतः दैनिक आवक 8,000 से 10,000 कट्टों की हो रही थी। मंगलवार को मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़ की कीमतों में 40 से 50 रुपये प्रति 40 किलो की तेजी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि अगले दो-तीन दिनों में मौसम साफ नहीं हुआ तो मौजूदा कीमतों में और भी 100 से 200 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी आने की संभावना है।



**पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश से गुड़ की सप्लाई पर प्रतिकूल असर**

गुड़ के थोक कारोबारी हरिशंकर मुंदड़ा ने बताया कि मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़ का कुल स्टॉक तो पिछले साल से ज्यादा है, साथ ही चीनी के दाम भी नीचे बने हुए है। ऐसे में गुड़ की कीमतों में खराब मौसम की वजह से तेजी आई है। जैसे ही मौसम साफ होगा, दाम फिर घट जाएंगे। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़ का कुल स्टॉक 3.70 लाख कट्टों का हो चुका है जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 32,000 कट्टे ज्यादा है। पिछले साल मुजफ्फरनगर मंडी में कुल स्टॉक 13 लाख कट्टों का हुआ था तथा चालू सीजन में कुल स्टॉक पिछले साल के लगभग बराबर ही होने का अनुमान है।

मैसर्स देशराज राजेंद्र कुमार के प्रबंधक देशराज ने बताया कि मंगलवार को गुड़ की कीमतों में 100 रुपये की तेजी आकर गुड़ चाकू का भाव 2,700-2,800 रुपये और गुड़ पेड़ी का भाव 2,800-2,900 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। मुजफ्फरनगर मंडी में इस दौरान गुड़ चाकू का भाव बढ़कर 970 से 1,060 रुपये और रसकट का भाव 820 से 920 रुपये प्रति 40 किलो हो गया।

एनसीडीईएक्स पर मार्च महीने के वायदा अनुबंध में गुड़ की कीमतों में मंगलवार को 0.84 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। गुड़ के दाम मंगलवार सुबह मार्च महीने के वायदा अनुबंध में 1,014 रुपये प्रति 40 किलो पर खुले तथा निवेशकों की खरीद से 1,023 रुपये प्रति 40 किलो पर कारोबार करते देखे गए।

Business Bhaskar.
22-1-14